>

Title: Need to enact law to construct Ram Temple in Ayodhya, Uttar Pradesh

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): सभापति जी, 17वीं लोक सभा के पहले दिन शून्य काल में मुझे समय देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । आज मैं एक ज्वलंत विषय को सदन के सम्मुख रखना चाहता हूं, जो बहुत लंबे समय से माननीय सुप्रीम कोर्ट में प्रलंबित है । मुझे दो मिनट बोलने का मौका दीजिए, क्योंकि हमारे एनडीए सरकार के एजेंडा में भी यह महत्वपूर्ण विषय है ।

महोदय, समूचे भारत के हिन्दुओं की आस्था का केन्द्र राम जन्म भूमि के विषय में थोड़ा सा इतिहास मैं सदन के सम्मुख रखना चाहता हूं । यह मंदिर लगभग 500 वर्ष पूर्व विध्वंस हुआ, जब 1528 में मुगलों ने भारत पर आक्रमण किया । मंदिर के ध्वस्त मलबे से मुगलों ने एक ढांचे का निर्माण कर डाला, जो किसी रूप में मस्जिद जैसा नहीं था । उन्होंने यह कार्य हिन्दुओं को आहत करके उनका मनोबल तोड़ने के लिए किया । इस ढांचे में कई वर्षों तक न तो अजान हुई और न ही नमाज अदा की गई । बाद में इस उजाड़ ढांचे को बाबरी मस्जिद का नाम दिया गया । हमेशा से ही हिन्दू श्रद्धालु इस स्थान को राम जन्म भूमि मान कर इसकी परिक्रमा करते रहे, जिस पर किसी ने ऐतराज नहीं उठाया । मंदिर निर्माण के लिए मांगें लगातार उठती रहीं, पर उन्हें दबा दिया गया, क्योंकि 1528 ईसवी से 1947 तक भारत पर विदेशियों ने राज किया और हमारी संस्कृति और धर्मपरायणता को तोड़ने की कोशिश की ।

23 दिसम्बर, 1949 को एक आंदोलन उठा । …(व्यवधान) अध्यक्ष महोदय यह महत्वपूर्ण विषय है, यह अपना एनडीए का विषय है । मुझे एक मिनट बोलने दीजिए । एक आन्दोलन उठा और इस स्थान पर लगातार राम नाम का भजन कीर्तन होने लगा । तत्कालीन जिलाधिकारी श्री के.के.नायर ने इसे विवादित ढांचे का रूप देकर बंद कर दिया, विवाद अदालत में गया और आज 70 साल बाद भी

हिन्दुओं को न्याय नहीं मिला । इस स्थान की खुदाई में मंदिर होने और राम जन्म भूमि होने के अनेक प्रमाण मिले, किन्तु अदालत उन्हें झुठलाती चली गई । अंततः इस मामले को माननीय सुप्रीम कोर्ट के हवाले कर दिया गया, जो आज भी कोई फैसला नहीं कर पाई है ।

महोदय, शिवसेना प्रमुख उद्धव जी ठाकरे के साथ ...(व्यवधान) हम राम जन्मभूमि गए । वहां राम जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें, जिससे वहां शीघ्र भव्य मंदिर निर्माण किया जाए, जिससे हिन्दुओं की भावनाओं और आस्था का सम्मान हो । ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मेरा सभी सदस्यों से निवेदन है कि एक मिनट में अपनी बात को समाप्त कीजिए ।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अपनी बात एक वाक्य में पूर्ण कीजिए ।

श्री राहुल रमेश शेवाले : मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राम जन्म भूमि पर अच्छा कार्य करके विश्वभर के हिन्दुओं की भावनाओं का आदर करते हुए सख्त से सख्त कानून लाकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें । धन्यवाद ।

माननीय सभापतिः कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री राहुल रमेश शेवले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।